राजभाषा के उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन के लिए

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद की ओर से

# अंतरिक्ष उपयोग केंद्र को प्रथम पुरस्कार



अंतरिक्ष उपयोग केंद्र को अहमदाबाद नगर में केंद्रीय सरकार के कार्यालयों (100 से अधिक कर्मचारी संख्या) की श्रेणी में वर्ष 2022-23 के दौरान उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद की ओर से 27 जुलाई, 2023 को अंतरिक्ष उपयोग केंद्र के यशपाल ऑडिटोरियम में संपन्न अहमदाबाद नराकास की 81वीं बैठक में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



डॉ. बनवारी लाल, उपाध्यक्ष नराकास एवं मुख्य आयकर आयुक्त (टीडीएस), अहमदाबाद के कर-कमलों से निदेशक-सैक श्री नीलेश देसाई ने पुरस्कार स्वरूप शील्ड एवं प्रमाण-पत्र ग्रहण किया। श्रीमती नीलू सेठ, उप निदेशक (राजभाषा) को भी राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सराहना स्वरूप शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस बैठक में अहमदाबाद नगर में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों तथा सार्वजनिक उपक्रमों/ निगमों के कार्यालय प्रधान एवं राजभाषा अधिकारी भी उपस्थित थे।



भारत सरकार
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
(प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त-गुजरात कार्यालय, अहमदाबाद)

**प्रशस्ति-पत्र**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद के स्तर पर वर्ष 2022-23 के दौरान भारत सरकार की राजभाषा नीति के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र (इसरो), अहमदाबाद कार्यालय ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें शील्ड तथा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है।

पुरस्कृत कार्यालय के सभी कार्मिकों से यह अपेक्षा है कि वे अपने सरकारी कामों में हिन्दी के प्रयोग में उत्तरोत्तर वृद्धि करते रहें।

स्थान : अहमदाबाद
दिनांक : 27.07.2023

(डॉ. बनवारी लाल)
अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं
मुख्य आयकर आयुक्त (टीडीएस), अहमदाबाद

कार्यालय को प्रदत्त प्रशस्ति-पत्र



भारत सरकार
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
(प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त-गुजरात कार्यालय, अहमदाबाद)

**प्रशस्ति-पत्र**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद के स्तर पर वर्ष 2022-23 के दौरान भारत सरकार की राजभाषा नीति के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र (इसरो), अहमदाबाद कार्यालय ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए इस कार्यालय के श्रीमती नीतू सेठ, उप निदेशक (राजभाषा) को शील्ड तथा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है।

पुरस्कृत अधिकारी से अपेक्षा है कि वे राजभाषा की सर्वतोमुखी प्रगति हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहेंगे।

स्थान : अहमदाबाद
दिनांक : 27.07.2023

(डॉ. बनवारी लाल)
अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं
मुख्य आयकर आयुक्त (टीडीएस), अहमदाबाद

उप निदेशक (रा.भा.) को प्रदत्त प्रशस्ति-पत्र

## नराकास की 81वीं बैठक की झलकियाँ












